## खबर संक्षेप

### 27 दिसंबर को मेले के आयोजन संबंधित बैठक

**शहडोल।** संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के पर्व पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाणगंगा मैदान में लगने वाले विराट मेले की व्यवस्था के संबंध में 27 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के विराट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।

### ड्रोन से किया गया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरकछ में पहुँची । यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 26 जनवरी तक चलेगी ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को किया गया लाभान्वित



**शहडोल।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत गोडारू में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आईईसी वैन को माधयम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### भारत संकल्प यात्रा का लोगों ने शैला नृत्य कर किया स्वागत



**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत घोघरी में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्थानीय लोगो ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों ने शैला नृत्य कर स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में योजनाओं के लाभाार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। साथ ही प्रचार रथ द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन, योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किये गए।

## जिम्मेदार विभाग नहीं कर पा रहा कार्यवाही

# बगैर रेरा की अनुमति भगवती बिल्डर्स ने काटी कॉलोनी



शहडोल। आकर्षक और लुभावने ऑफर देकर अवैध कालोनी में भवनों की बुकिंग की जा रही है, रेरा में कॉलोनाइजर द्वारा रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया, जिससे कॉलोनी का विकास रुक जाएगा। इतना ही नहीं एक्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि रेरा में पंजीयन नहीं है, तो रजिस्ट्रियां नहीं होगी, रजिस्ट्री करने पर विक्रेता सहित रजिस्ट्रार पर कार्रवाई हो सकती है।





## राजनीतिक संरक्षण में बन रही अवैध कॉलोनी

कॉलोनाइजर नियमों को ताक में रखकर कॉलोनी बना रहे हैं, जबकि कागजों में भी कॉलोनी वैध नहीं है। रेरा में तो कॉलोनाइजर ने पंजीयन नहीं कराया। रेरा(रियल स्टेट रेग्यूलेटर एक्ट) के नियमों के तहत पंजीयन होने के बाद ही भवन की बुकिंग हो सकती है, यदि किसी कॉलोनाइजर का रेरा में रजिस्ट्रेशन नहीं है, तो वह बिना रजिस्ट्रेशन के विज्ञापन नहीं कर सकेंगे। जो भी व्यवसायी अब प्रोजेक्ट शुरू करेगा उसका अलग से प्रोजेक्ट एकाउंट में 70 फीसदी पैसा रखना होगा। इस स्थिति में बिल्डर को पांच साल तक प्रोजेक्ट की मरम्मत का जिम्मेदारी भी उठाना पड़ेगी। शहर में पटेल नगर में कॉलोनाइजर ने कॉलोनी का प्रचार-प्रसार कर रहे है। जबकि कॉलोनाइजर ने रेरा में पंजीयन नहीं कराया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्ती नहीं दिखा रहा है और न ही इसके विरुद्ध कोई कार्रवाई हो रही है। जबकि एक्ट में कार्रवाई का प्रावधान है। जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए खुलेआम ही नियमों को ताक पर रख कालोनी का निर्माण कराया जा रहा है।

### नियम का उलंघन, तो 5 साल तक की जेल

रेरा लागू होने के बाद सबसे अधिक फायदा प्लॉट, डुप्लेक्स या फ्लैट खरीदने वालो को होता है, क्योंकि कॉलोनाइजर लुभावने ऑफर देकर अपनी कॉलोनियों में प्लॉटों का विक्रय कर देते थे। रेरा में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद जो कॉलोनाइजर ने ऑफर दिए हैं, उनका पालन करना अनिवार्य होगा। अगर कॉलोनाइजर शर्तों का उल्लंघन करते हैं, तो उनको पांच साल तक का कैद की प्रावधान इस एक्ट में दिया गया है। इसके अलावा परियोजना संबंधी जानकारी जैसे-प्रोजेक्ट का ले-आउट, स्वीकृति, ठेकेदार एवं प्रोजेक्ट की मियाद का विवरण खरीददार को अनिवार्य रूप से देना होगा। समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा न करने पर बिल्डर द्वारा उपभोक्ता को ब्याज का भुगतान करने का प्रावधान है। ब्याज उसी दर पर होगा, जिस दर पर वह भुगतान में हुई चूक के लिए उपभोक्ता से ब्याज वसूलता है। रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के आदेश की अवहेलना की स्थिति में बिल्डर को 3 वर्ष की सजा व जुर्माने का प्रावधान है, वहीं रियल एस्टेट एजेंट और उपभोक्ता के लिए 1 वर्ष की सजा का प्रावधान है।

### भगवती रेसीडेंसी को संरक्षण

नगर में बड़े पैमाने पर कॉलोनाइजर द्वारा खेती की जमीन सीधे भवन बनाकर बेचने का



कारोबार चल रहा है। बिना लाइसेंस और रेरा टीएनसी से रजिस्ट्रेशन कराए भवन की बुकिंग की जा रही है। भगवती बिल्डर्स द्वारा पार्टनर द्वारा भगवती रेसीडेंसी के नाम पर बगैर अनुमति के खसरा नंबर 2126 में 0.2040 हेक्टेयर में कालोनी का निर्माण कराया जा रहा है, राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कॉलोनाइजर पर नगर पालिका, नगर निवेश सहित अन्य विभाग कार्रवाई करने से बचती नजर आती है। जिससे नगर में एक अवैध कॉलोनी का खुलेआम निर्माण हो रहा है। नगर परिषद द्वारा संभवतः उक्त अवैध कॉलोनी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### निरंतर चल रहा निर्माण

शहर के ह्दय स्थल में भगवती बिल्डर्स द्वारा पार्टनर द्वारा कालोनी का निर्माण बगैर रेरा की अनुमति के किया जा रहा है, उक्त स्थल पर 39 भवन का निर्माण होना है, लाखों की लागत से बन रही कालोनी में संभवतः एक दर्जन से अधिक भवनों की लोगों ने बुकिंग करा रखी है, मजे की बात तो यह है कि बीच शहर में बड़ीभीठ के पास कॉलोनाइजर ने रेरा में रजिस्ट्रेशन तक नहीं कराया है, बावजूद इसके निर्माण निरंतर जारी है, लेकिन नगर पालिका, राजस्व सहित अन्य विभाग कार्यवाही करने की जगह उक्त बिल्डर्स को प्रश्रय दिये हुए है।

### नहीं हो रहा नियमों का पालन

निजी भूमि पर कॉलोनी बनाने से पहले संबंधित व्यक्ति को कलेक्टर के यहां कॉलोनाइजर का लाइसेंस लेना होगा। कॉलोनाइजर को सबंधित भूमि पर प्लॉटिंग करने से पहले नगर पालिका, नगर परिषद से डायवर्सन के लिए एनओसी लेनी होगी। कॉलोनी बसाने से पहले उसमें क्या सुविधाएं होंगी, इसके लिए रेरा में पंजीयन कराना होगा। कॉलोनाइजर को कॉलोनी में स्वयं के व्यय पर विद्युत ट्रांसफर लगवाना होगा। इसके साथ पानी की सप्लाई एवं सडक़ बनवानी होगी। टाउन कंट्री से प्लॉटिंग के लिए अनुमति लेनी होगी। नई कॉलोनी का निर्माण में 25 प्रतिशत प्लॉट गिरवीं रखे जाते हैं। जिससे कॉलोनी में सडक़, बिजली, पानी जैसे विकास कार्य किए जा सके, किंतु नगर में अवैध रूप से बसाई जा रही कालोनी में कालोनाईजर इन नियमों का कही से पालन करते नहीं दिख रहे हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभांवित हो रहे हितग्राही

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी योजनाओं पर आधारित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में निरन्तर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत साबो में निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत लोगों ने किया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए शिविर में स्थानीय



लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का भी वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आईईसी वैन द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

## खेत में सरपंच और सचिव ने बना दिया पुलिया

**घुनघुटी।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम विकास कार्य के लिए लाखों रुपए का बजट पंचायत में भेजा जा रहा है, लेकिन पंचायत में इस विकास कार्य में ना लगाते हुए अपनी हितों में राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिस पंचायत में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के ग्राम मलियागुड़ा के सरपंच और सचिव के संरक्षण में पुल निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है, वहीं जब ग्राम पंचायत मालियागुड़ा में जहां पुलिया निर्माण करना था, वहां नहीं किया गया और खेत पास कर दिया गया, जहां पुलिया की जरूरत नहीं है, वह पुलिया का निर्माण कर दिया गया है। इतना ही नहीं पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा नियम विरुद्ध शासन की राशि का आपस में खुर्द-बुर्द कर दिये हैं, जबकि पूर्व में इस पुलिया निर्माण के विषय में शिकायत भी हुई थी, लेकिन कार्यवाही आज भी ठंडे बस्ते में हैं। जिम्मेदार अधिकारी उस पर कार्यवाही करने के स्थान पर सरपंच एवं सचिव को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी वजह से ग्राम पंचायत की सरपंच और सचिव आए दिन ग्राम पंचायत के विकास के लिए आने वाली राशि का



दुरुपयोग कर वित्तीय अनियमिताएं कर रहे हैं, इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मूक दर्शक बनकर बैठे हुए हैं। गांव की तरक्की विकास एवं निर्माण कार्य के लिए ग्राम निधि में पंचायती राज विभाग की ओर से करोड़ों रुपए की राशि जारी की जाती है, लेकिन 2023 की मासिक आईडी रिपोर्ट की ग्राम पंचायत में दोबारा अनियमिताएं उजागर हुई है, इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से कार्य के लिए जारी राशि के दस्तावेजों में गड़बड़ियां पकड़ी जा सकती है।

## आयुक्त ने वेयर हाउस का किया औचक निरीक्षण



**उमरिया।** आयुक्त अनिल सुचारी ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्र राधा-रानी वेयर हाउस गोदाम चंदवार का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान आयुक्त शहडोल ने जिले में संचालित समस्त धान उपार्जन केन्द्रो पर किसानो की धान विक्रय की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये उपार्जन केन्द्रो पर आवश्यक भौतिक सुविधाएं उपलब्धता सुनिश्चित करने, समर्थन मूल्य पर जिले में संचालित समस्त धान उपार्जन केन्द्रो पर उपयोग किये जा रहे नापतौल कांटों का सत्यापन निरीक्षक नापतौल, जिला उमरिया द्वारा अनिवार्य रूप से किये जाने के निर्देश दिए।
आपने कहा कि किन्ही भी परिस्थितियों में बिना नापतौल विभाग द्वारा सत्यापित किया गया तौल कांटा का उपयोग धान उपार्जन के कार्य में न किया जाये। निरीक्षक नापतौल विभाग उमरिया को निर्देशित किया कि जिले में संचालित समस्त 42 धान उपार्जन केन्द्रो के इलेक्ट्रानिक नापतौल कांटो एवं गोदाम स्तर पर संचालित केन्द्रो के इलेक्ट्रानिक्स तौल कांटो का पुनः सत्यापन कर रिपोर्ट 3 दिवस के अंदर प्रस्तुत करे। सभी उपार्जन केन्द्रौ के प्रभारी/सर्वेयर धान उपार्जन केन्द्रो पर औसत अच्छी किंस्म का धान की खरीदी शासन के निर्देशानुसार सुनिश्चत की जाये । उपार्जन केन्द्र के सर्वेयर धान की क्वालिटी चेक करे, किसान की धान अमानक पाये जाने पर किसानों को समझाईश देकर धान में छन्ना लगाकर साफ-सफाई करके धान मानक औसत अच्छी किस्म की बनाकर ही धान की खरीदी की जाये। धान उपार्जन केन्द्रो पर जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम उमरिया या मिलर्स से प्राप्त बारदाने कटे-फटे होने या बारादाना खराब होने की स्थिति में ऐसे सभी खराब बारदानों को जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम उमरिया/मिलर्स को तत्काल वापस किया जाये एवं अच्छे क्वॉलिटी के बारदाने ही किसानों से धान खरीदी के लिये बारदानों का उपयोग किया जाये।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले सहित नागरिक आपूर्ति निगम , कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं उपार्जन केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया विशाल रैली का आयोजन

**शहडोल।** विश्वविद्यालय के शहडोल एवं नवलपुर कैंपस मे विकसित भारत-2047 के तहत एक विशाल रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र और छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने सुझाव मांगने की कवायद के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री के विकसित भारत मिशन की विस्तार से चर्चा की गई ,एक अमृत पीढ़ी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जो राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखे। उन्होंने शिक्षा और कौशल से आगे बढने की आवश्यकता पर बल दिया और नागरिकों के बीच राष्ट्रीय हित और नागरिक भावना के लिए सतर्कता का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, जब नागरिक, किसी भी भूमिका में,अपना कर्तव्य निभाना शुरू करते हैं, तो देश आगे बढ़ता है। उन्होंने जल संरक्षण,बिजली की बचत,खेती में कम रसायनों का उपयोग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का उदाहरण दिया। उन्होंने शिक्षाविद् समुदाय से स्वच्छता अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करने,जीवनशैली के मुद्दों से निपटने और युवाओं द्वारा मोबाइल फोन से परे दुनिया की खोज करने के तरीके सुझाने को कहा। उन्होंने उनसे विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल बनने को कहा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सोच शासन में भी



परिलक्षित होती है। श्री मोदी ने उपस्थित लोगों से यह देखने को कहा कि डिग्री धारकों के पास कम से कम एक व्यावसायिक कौशल होना चाहिए। आपको हर कैप,हर संस्थान और राज्य स्तर पर इन विषयों पर विचारमंथन की एक व्यापक प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के विकास की अवधि को एक परीक्षा की अवधि से उपमा देते हुए,लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक अनुशासन बनाए रखने में विद्यार्थियों के आत्मविश्वास,तैयारी और समर्पण के साथसाथ परिवारों के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने टिप्पणी की कि देश के नागरिक होने के नाते हमारे लिए भी परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बल देकर कहा, हमारे सामने 25 साल का अमृत काल है। हमें विकसित भारत के लक्ष्य के लिए 24घंटे काम करना है। यह वह वातावरण है जिसे हमें एक परिवार के रूप में बनाना है।

## खबर संक्षेप

### 22 दिसंबर को सुशासन दिवस की शपथ

**उमरिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व्दारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया जाएगा। 23 दिसंबर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों मे शासकीय अधिकारी, कर्मचारियो के द्वारा 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सुशासन दिवस की शपथ ली जाएगी।

### 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनाक्षी इंगले ने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय मंगल भवन उमरिया मे दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम मे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियम जिसमें उपभोक्ता संरक्षण गतिविधियो के संचालन, उपभोक्ताओ के अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं समस्यां के निदान के प्रावधान है के संबंध मे जानकारी दी जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओ के हितों से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। उपभोक्ताओ को जागरूक किये जाने के उद्धेश्य से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संगोष्टी, कार्यशाला प्रदर्शनी, प्रश्न मंच, रैली, नाटक आदि प्रतियोगता आयोजित की जाकर उपभोक्ता संबंधी जागरूकता संदेश दिया जाएगा।

### राज्य स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव आयोजन



**उमरिया।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन पुणे महाराष्ट्र मे 12 से 16 जनवरी 2024 के मध्य आयोजित किया जाएगा। जिसमे जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 8 विधायें, लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर वर्चुअल युवा उत्सव मे भाग लेने के लिये बालक एवं बालिका 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते है। युवा उत्सव मे भाग लेने वाले प्रतिभागी 26 दिसंबर 2023 तक अपना आवेदन जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी उमरिया को नियत तिथि तक जमा कर सकते है।

### सलैया-5 को बनाया गया धान उपार्जन केन्द्र

**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने किसानो की मांग को दृष्टिगत रखते हुये खरीफ विपणन वर्ष 2023 के दौरान धान उपार्जन हेतु आदिम जाति सेवा सहाकरी समिति कल्दा केन्द्रा सलैया-5 को राज्य शासन को धान उपार्जन केन्द्र बनाने का प्रस्ताव प्रेषित किया था। राज्य शासन ने कलेक्टर की अनुशंसा पर आदिम जाति सेवा सहाकरी समिलति कल्दा केन्द्र सलैया- 5 को उपार्जन केन्द्र घोषित कर दिया है। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मिनाक्षी इंगले ने बताया है कि अब जिले मे 42 धान उपार्जन केन्द्र संचालित हो रहे है।

---

## जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदारों को नहीं कोई परवाह

# घघड़ार में गायब हो गया तालाब



## अमृत सरोवर योजना को बना दिया मजाक



शासन द्वारा जल संरक्षण व प्राकृतिक छटा निखारने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों/ पोखरों की खोदाई धीमी गति से होने के कारण 7 माह बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो सका है, पंचायत के जिम्मेदारों ने पुराने तालाबों को नया दिखाकर राशि आहरित कर ली, लेकिन जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदार प्रमाणित आरोपों के बावजूद कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं।

**उमरिया।** जिले की मानपुर जनपद की दर्जनों ग्राम पंचायतों को अमृत सरोवर योजना के तहत कार्य कराने के लिए चयनित किया गया था, ग्राम पंचायत घघड़ार में 31 मई 2023 को सेहराहार में 19.99 लाख की राशि से तालाब का निर्माण होना था, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों ने इस तालाब निर्माण को आज तक पूरा ही नहीं किया, निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी थी कि पीचिंग नहीं हो सकी, साथ ही अन्य कई खामिया उक्त निर्माण में पाई गई, 15 अगस्त को अमृत सरोवर में झण्डा वंदन कर दिया गया, सबसे बड़ी खामी उक्त निर्माण में यह थी कि दो तालाबों के बीच की एक मेढ़ हटाकर एक कर दिया गया, लेकिन राजस्व सहित जिम्मेदार विभाग आज तक यह जांच नहीं कर पा रहा है कि पुराना तालाब आखिर कहां गायब हो गया।



ग्रामीणों के अनुसार अमृत सरोवर जिस स्थल पर बनाया गया है, वहां दो तालाब आपस में लगे हुए थे। अधिकारियों व पंचायत के प्रभारी सचिव ने उन तालाबों की बीच की भीठ को काटकर एक कर दिया और उसकी मिट्टी तालाब के चारों ओर डलवाकर भीट बनवा दी गई। मजे की बात तो यह है कि तालाब निर्माण हुआ, लेकिन उक्त निर्माण कार्य की पिचिंग नहीं हुई, कार्य आज भी अधूरा है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन को झांसे में रखकर तालाब को पूर्ण बता दिया और स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर दिया गया। जबकि शासन ने यह आदेश दिया था कि ध्वजारोहण उसी पंचायत में होगा जहां के निर्माण कार्य पूर्ण होंगे।

### यह है मामला

सेहराहार सरोवर 31 मई 2023 को प्रारंभ हुआ, लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी तालाब का कार्य पूर्ण नहीं हुआ। तालाब निर्माण पूर्णता की सीसी जारी नहीं हुई है। 19 लाख 99 हजार रूपये की लागत से बना यह तालाब जितना बनाया गया वह भी गुणवत्ताविहीन ही है। पंचायत ने अपने ढंग से निर्माण करा लिया और आधा अधूरा काम छोडकऱ राशि आहरित कर ली। ग्रामीणों ने कहा कि इस तालाब में शासन ने 20 लाख रुपए उड़ेल दिए, लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नही मिलेगा। एक तो यह अधूरा है और फिर तकनीकी मानदण्डों के अनुरूप नहीं है।

### तालाब सूखने का इंतजार

वर्तमान समय में तालाब में पानी भरा हुआ है और पिचिंग नहीं कराई गई है। प्रभारी सचिव का कहना है कि तालाब के सूखने का इंतजार किया जा रहा है। जब तालाब सूख जाएगा और मिट्टी कुछ कड़ी हो जाएगी तब पिंचिग हो पाएगी। जिस तालाब की पिचिंग व अन्य कार्य नही हो पाए हैं उसे भी पूर्ण बताकर अफसरों को झांसे में डाल कर ध्वजारोहण करा दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि आने वाले माहों में जब किसानों को पानी की आवश्यकता होगी, तब यह तालाब सूख जायेगा, जबकि शासन की मंशा थी कि गर्मी के मौसम में जानवरों, पक्षियों को पानी मिलेगा, तालाब निर्माण में जो मिट्टी क्रय करना बताया गया है, वह इसी तालाब की है, इससे साफ जाहिर होता है कि वेण्डर के साथ मिलकर पंचायत के जिम्मेदारों ने फर्जी बिल निर्माण के दौरान लगाये हैं।

### राजस्व रिकार्ड देखना जरूरी

जिस तालाब की पंचायत ने संरचना बदल दी और एक कर दिया उसका ढांचा राजस्व विभाग के रिकार्ड में दर्ज होगा। अगर उस रिकार्ड की छानबीन कराई जाए तो, सारा मामला साफ हो जाएगा। इंजीनियर व पंचायत सचिव ने मिलकर एक पुराने जलाशय की संरचना बदल कर नियम विरुद्ध कार्य किया है। इसके लिए भी दोषी हैं और दण्ड के पात्र हैं, लेकिन पंचायतो में न तो पंचों की पूछ परख है और न ग्रामीणों की। सारा कुछ सचिव व उपयंत्री मिलकर तय कर लेते हैं और बजट डकारते रहते हैं। वहीं वर्तमान में जनपद के मुखिया की कमान जिन्हें मिली है, वह किसी नाम के मोहताज नहीं है, पूर्व में पुष्पराजगढ़ में अपनी पदस्थापना के दौरान जमकर सुर्खियां बटोरी थी।

---

## योजनाओं का लाभ एवं स्थायनीय परंपरा तथा संस्कृति के हो रहे है दर्शनः कलेक्टर

# जीवन स्तर में सुधार लाने वाले हितग्राहियों से दूसरे हितग्राही लें सबक: कमिश्नर



उमरिया। प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव, नगर मे रहने वाले हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देकर विकास विकास की मुख्य धारा में जोडने के लिए भारत विकास संकल्प यात्रा प्रारंभ की है । यात्रा के दौरान लगने वाले शिविरों में लाभान्वित हितग्राहियों व्दारा मेरी जुबानी मेरी कहानी बताई जाती है, जिसके माध्यम से उनके जीवन मे आने वाले बदलाव तथा जीवन स्तर मे सुधार हेतु उनके व्दारा किए गए प्रयासों का अन्य हितग्राही भी अनुसरण करें तथा अपने जीवन स्तर में सुधार लाएं।

देश ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है। अब प्रधानमंत्री की मंशा है कि देशवासियों का भी तेजी से विकास हो जिससे वे देश के विकास मे सहभागी बन सके। इसके लिए शासन द्वारा बच्चे के जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए विभिन्न योजनाएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, बीमा योजनाएं, पेंशन योजनाएं, किसान कल्याण सम्मान निधि आदि चलाई जा रही है। खेती किसानी मे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग बढ़ा है, जिससे कृषि उत्पादन में लगातार वृध्दि हो रही है । यह विचार कमिश्नर अनिल सुचारी ने जिले के मडवा ग्राम में भारत विकास संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया।



### मौके पर किया जाये लाभान्वित

कलेक्टर ने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही भारत विकास संकल्प यात्रा को आम जन मानस का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ एवं स्थानीय परंपरा तथा संस्कृति के दर्शन हो रहे है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों मे जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे है, उनका निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाए ।

योजनाओ का लाभ देने का संकल्प

मिथिलेश पयासी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से सरकार हर वर्ग के लोगो को योजनाओ का लाभ देने का संकल्प लिया है। चाहे किसानों के लिये हो, चाहे महिलाओ के लिए हो, चाहे युवा हो सभी वर्ग के लिये योजनायें संचालित की है। महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्वला योजना, लाड़ली बहनो को लाडली बहना योजना, किसानों को कृषि यंत्र , जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर मे नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। नलो में टोटी लगा कर रखे ताकि पानी व्यर्थ नही बहे, बच्चों को आंगनबाड़ी भेजे ।

**जीवन में आया परिवर्तन**

पंकज तिवारी ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार ने अनेको योजनाओं का संचालन किया है, जिसके माध्यम से लोगो के जीवन मे परिवर्तन आया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर आयोजित किये गए है इसका सभी जन लाभ उठाएं। चंद्रप्रकाश व्दिवेदी ने शिविर में केंद्र एवं राज्ये सरकार व्दारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित जन मानस से लाभ उठाने का आग्रह किया । कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा व्दारा किया गया ।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, सीईओ जनपद पंचायत करकेली प्रेरणा सिंह, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, पंकज तिवारी, चंद्रप्रकाश व्दिवेदी, भूपेंद्र व्दिवेदी, दिनेश पाण्डेय, जयभारती साहू, राघवेंद्र व्दिवेदी , ग्राम पंचायत सरपंच, योगिनी चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, जनपद एवं ग्राम स्तरीय मैदानी अमला उपस्थित रहा ।

---



## रोजगार सृजन से आत्मनिर्भर बनाना प्रशिक्षण संपन्न

**कोतमा।** हार्ड संस्था द्वारा आयोजित 7 दिवसीय परम्परागत एवं वनवासी समुदाय को बांसकला जागरूकता एवं प्रशिक्षण द्वारा रोजगार सृजन से आत्मनिर्भर बनाना प्रशिक्षण का समापन बुधवार को ग्राम पंचायत कोटा अंतर्गत जैतपुर तहसील में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सुशील शर्मा, बृजभान सिंग डीप्टी रेंजर, गोरकनाथ सिंह फारेस्टर एवं जयप्रकाश मुर्ले व ललित पूर्वे भाऊसाहब भुस्कुटे लोक न्यास के बांस कला प्रशिक्षक एवं कारीगर उपस्थित थे। सात दिवसीय बाँस जागरुकता प्रशिक्षण मे प्रशिक्षको द्वारा सिखाये गए बाँस उत्पाद मोबाइल स्टैंड, हेअर क्लिप, फ्लावर पाट, चूड़ी हैंगर, वालपीस, पात्रधार, साबुन दानी बनाये गए। समापन सत्र मे सभी लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। गौरतलब है कि मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद, मप्र शासन द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित किया गया था। प्रशिक्षक एवं लाभार्थियों के द्वारा प्रशिक्षण के अनुभव साझा किये गये। प्रशिक्षण के उत्पाद भोपाल मे विक्रय किये जायेंगे, चुनिदा बाँस कारीगरो को आगामी 15 दिवसीय अपग्रेड प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर बेन बाई, मीरा सिंह, दिव्या राव एवं प्रशिक्षण व्यवस्था समन्वय में संस्था से जहाँगीर अंसारी का कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सहयोग मिला।

### कमिश्नर ने हितग्राहियों को किया लाभान्वित

**उमरिया।** जिले के मडवा ग्राम में भारत विकास संकल्प यात्रा शिविर के दौरान कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, समत्व योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना कार्ड सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने ड्रोन के माध्यम से सिंचाई, कीटनाशक दवाईयों के छिडकाव, उर्वरक के छिडकाव के प्रदर्शन का अवलोकन भी किया । इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह, सीईओ जनपद पंचायत करकेली प्रेरणा सिंह, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, पंकज तिवारी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, भूपेंद्र व्दिवेदी, दिनेश पाण्डेय, ग्राम पंचायत सरपंच, योगिनी चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, जनपद एवं ग्राम स्तेरीय मैदानी अमला उपस्थित रहा ।

---

## बिना वैधानिक दस्तावेज के वाहन सहित अवैध लकड़ी वन विभाग ने किया जप्त



**कोतमा।** मुख्य वनसंरक्षक वनवृत शहडोल के निर्देशानुसार वनमंडलाधिकारी अनूपपुर एवं उपवनमंडलाधिकारी अनूपपुर के मार्गदर्शन मे वनपरिक्षेत्र कोतमा मे 20 दिसम्बर को अवैध रूप से खम्हार लकडी लोड ट्रेक्टर वाहन बिना वैधानिक दस्तावेज के पकडा गया। वाहन चालक द्वारा बताया गया कि यह लकडी कोतमा स्थित आरा मशीन में ले जाया जा रहा है तथा ग्राम बरतराई से लाना बताया गया जिस पर वैधानिक कार्यवाही पश्चात वाहन को फारेस्ट कैम्पस कोतमा में लाकर खडा कराया गया है। उक्त कार्यवाही मे वनपरिक्षेत्राधिकारी कोतमा एके निगम, परिक्षेत्र सहायक जेडी धार्वे, परिक्षेत्र सहायक मलगा राजू केवट, अभिलाष सोनी बीटगार्ड चपानी, रमेश अहिरवार बीटगार्ड लोढी, आशीष पाण्डे बीटगार्ड पडौर, पंकज सक्तेल वनरक्षक की भूमिका सराहनीय रही है।

## खुलेआम चल रहा जुए-सट्टे का कारोबार

**जानकारी के बाद भी पुलिस नही करती कार्रवाई, कप्तान पर टिकी निगाहें**




**बिजुरी।** जिले के कोयलांचल नगरी में स्थित थाना बिजुरी क्षेत्र की बात करें तो यहां पर बेरोकटोक सट्टे व जुआ का अवैध कारोबार जोरों पर चल रहा है जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। जुए- सट्टे के इस कारोबार में जहां एक तरफ सटोरिया व जुआरी मालामाल हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कई घर बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है लेकिन स्थानीय पुलिस मानो कान में तेल डाल कर बैठी हो और वह सटोरियों व जुआरियों पर मेहरबान नजर आ रही है तभी तो जुए और सट्टे का कारोबार बिजुरी नगर के कई वार्डों जैसे अलीनगर, हनुमान मंदिर चौराहे के आसपास, माइन्स कॉलोनी, मोहरी थानगांव व कोरजा के जंगलो में ज्यादा असरदार है। कारोबारियो ने पुलिस को कई बार चकमा दिया जिससे उनके हौसले और भी बढ़ गए है। बिजुरी नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी लंबे समय से जुआ व सट्टे का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। पुलिस को जानकारी होने के बावजूद किसी प्रकार की मुहिम नहीं चलाई जा रही है। इस कारण क्षेत्र में खुलेआम यह कारोबार खूब फल फूल रहा है।

### क्षेत्र में कानून बिगड़ी व्यवस्था

बिजुरी नगर में कानून व्यवस्था इस तरह बिगड़ी है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है। पहले तो कभी कभार एक दो छोटे प्रकरण बनाकर खानापूर्ति कर दी जाती थी, लेकिन अब क्षेत्र में ऐसी किसी प्रकार की मुहिम को अंजाम नहीं दिया जाता है। इस कारण जुए के अड्डे व सट्टे के कारोबारियो के हौसले बुलंद हैं। वे अपने काम को खुलेआम संचालित कर रहे हैं।

### पुलिस अधीक्षक पर टिकी निगाहें

नगर में बढ़ते अपराध पर बिजुरी पुलिस की मौन सहमति या कहा जाए कि अपराधों पर लगाम लगाने में असफल बिजुरी पुलिस पर आम जनमानस का विश्वास खत्म सा हो गया है। अपराधियों के साथ सांठ-गांठ के वायरल हुए ऑडियो इस बात की पुष्टि करते हैं कि बिजुरी पुलिस आम जनमानस की रक्षा के लिए नहीं बल्कि अपराधियों की शरण स्थली बन गई है। अगर कोई नगर वासी अपराधिक गतिविधियों की जानकारी देता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियों को शिकायतकर्ता की जानकारी दे दी जाती है जिससे शिकायतकर्ता भी शिकायत करने में डर महसूस करने लगे हैं। क्षेत्र की जनता की निगाहें अब जिले के कप्तान पर टिकी हुई है कि क्षेत्र में अमन शांति कायम रखने हेतु जिले के कप्तान क्या रुख अपनाते हैं।

---

**न्यायालय नायाब तहसीलदार उप तहसील चन्नौडी तह. जैतपुर जिला शहडोल (म.प्र.)**

क्र. / 239 1 प्रवा० / 2023 चन्नौडी दिनांक 20/12/23

**इश्तहार**

ग्राम अमलाई प.ह. अमलई रा.नि. मं. चन्नौडी उप तह चन्नौडी तह. जैतपुर जिला शहडोल (म. प्र.) स्थित आराजी ख. न. 928 रकवा 5.441 हे आवंटन योग्य रकवा 5.000, हे. एवं खसरा न. 779/1 रकवा 9.915 हे. आवंटन योग्य रकवा 6.000 हे. कुल किता 02 कुल रकवा 11.000 हे. भूमियों का रामपुर बतुरा कोल परियोजना से प्रभावितों को पुनर्वास किए जाने हेतु भूमि को उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रस्ताव में किसी भी ग्राम वासी को अपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय उपस्थित होकर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से दिनांक 26/12/23 तक प्रस्तुत सकते है। बीते म्याद अपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/23 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**नायाब तहसीलदार**
**उप तहसील चन्नौडी, तहसील जैतहरी**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**

खबर संक्षेप

## सिविल अस्पताल मऊगंज की व्यवस्था की खुली पोल



**मऊगंज ।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा सिविल अस्पताल मऊगंज का निरीक्षण किया गया, आये दिन मऊगंज अस्पताल की बदहाल व्यवस्था की किरकिरी हो रही थी, कलेक्टर अजय श्रीवास्तव अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक गैर हाजिर रहे, और अस्पताल की व्यवस्था में कई खामियां सामने आई हैं बिजली गोल होने से पूरा अस्पताल अंधकार में डूबा रहा।सूत्रों की माने तो कलेक्टर के आने की भनक पहले ही चिकित्सकों को मिल गई थी जिससे स्टाफ को अवगत करा दिया गयाथा,जल्दबाजी में व्यवस्था मे सुधार भी किया गया, नहीं तो व्यवस्था मे और भी कई खामियां सामने आती। विचारणीय विषय यह है कि कलेक्टर का औचक निरीक्षण के पहले ही ऐसे कौन लोग है, जिनके द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी,कर्मचारी को जानकरी मिल जाती है, जिससे कुछ सुधार कर लिया जाता है।

## ओल्ड इज गोल्ड "यादों का कारवां" स्टार अवॉर्ड का आयोजन 25 को



**रीवा।** शिव क्रिएशन इवेंट के तत्वावधान में स्टार अवार्ड ओल्ड इज गोल्ड "यादों का कारवां" का आयोजन दिनांक 25 दिसंबर 2023 को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है! जिसमें सन 1970 से 1990 दशक के गीतों की मंच से प्रस्तुति होगी! उक्त कार्यक्रम की जानकारी देने प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय के आश्रम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से राजयोगिनी बी. के. निर्मला दीदी, कार्यक्रम के आयोजक शिव कुशवाहा, कार्यक्रम की सहयोगी सीमा श्रीवास्तव, युवा समाज़सेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, युवा गायक नीलेश श्रीवास्तव, समाज़सेवी अवनीश शर्मा, संगीतकार डॉ प्रवीर दुबे, सुनील साहू, मनीष साहू, डॉ विनोद तिवारी, हिमांशु श्रीवास्तव एवं संजय राजपूत ने संबोधित किया! पत्रकार वार्ता में आगे बताया कि नृत्य एवं गीत के चयन के लिए पहले ऑडीशन तीन चरणों में आयोजित किये गए! पहला चरण 16 वर्ष तक स्टार जूनियर अवार्ड, दूसरा चरण 17 से 30 वर्ष तक स्टार सीनियर अवार्ड एवं तीसरा चरण 31 से 60 वर्ष वर्ष तक स्टार सुपर सीनियर अवार्ड के रूप में विभक्त किया गया!

## तीन स्कूल बसों का कटा चालान

**रीवा ।** परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों का सघन जाँच अभियान निरंतर जारी है जाँच अभियान में परिवहन उड़नदस्ते के द्वारा आर टी ओ रीवा के निर्देशन में जे के पब्लिक स्कूल गूढ़ में जाकर विद्यालय के वाहनों को चेक किया। विद्यालय में तीन वाहन खड़े पाये गये तीनों वाहनों के दस्तावेज सही पाये गये। बसों की उड़नदस्ता स्टाफ़ ने उनका भौतिक रूप से भी परीक्षण किया जिसमें बसों के फिटनेस से संबंधित जाँच की। उनके फ़ास्टेड बॉक्स अग्निशमन यंत्र स्पीड गवर्नर आदि मुख्यतःचेक किए गए। इसके अलावा जाँच के दौरान आज दो ट्रक बिना परमिट पाये गये दोनों वाहन के मौक़े पर परमिट से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं पेट गये। जिन्हें जप्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया। आज की चलानी कार्यवाही से परिवहन विभाग को 34500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## सांसदो के निलंबन के विरोध पर कांग्रेस देगी धरना

**रीवा ।** जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव आदरणीय के.सी. वेणुगोपाल (सांसद) के आदेश के अनुसार 142 सांसदों के निलंबन के विरोध में आज 22 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन धरना स्थल पर आयोजित होना है।

# सोहागपुर कोयलांचल के आका श्रमिक हितों पर डाल रहे डाका

## - वर्षों से समस्याग्रस्त श्रमिक कॉलोनियों में सफाई तक के पड़े लाले

*राष्ट्रीय आर्थिक विकास में अहम भागीदारी निभाने वाले एसईसीएल द्वारा अपने अधिकारी, कर्मचारियों और श्रमिकों की सुरक्षा और उनकी सुविधाओं पर खर्च में कोई कमी नहीं की जा रही है।*







### साफ सफाई का कब होगा टेंडर

धनपुरी ।

बेहतर कार्य के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित कोयला कंपनी द्वारा श्रमवीरों को हर मुमकिन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है लेकिन सोहागपुर कोयलांचल में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उनके हक पर डाका डालकर बद से बदतर जिंदगी जीने के लिए विवश कर दिया जाता है। इस का ताजा प्रमाण यह है कि तथाकथित सर्व सुविधा युक्त, स्वच्छ आवासीय कॉलोनी की साज-सज्जा तो दूर इस वर्ष दशहरा जैसे त्योहार पर सफाई तक नहीं कराई गई।

### बंगलों में तैनात मेन पावर

सिविल विभाग अधिकारियों का कहना होता है कि त्योहारों में कालोनियों की साफ सफाई की जाती है लेकिन दशहरा-दीपावली जैसे बड़े त्यौहार में भी कॉलोनी में साफ सफाई होते नहीं देखा गया जगह-जगह कचरे का ढेर, गंदगी का अंबार है। श्रमिक कालोनियों में महीनों तक सफाई न होने का मुख्य कारण यह है कि एसईसीएल द्वारा सोहागपुर कोयलांचल में तैनात सफाई कामगारों (मैनपॉवर) को अधिकारियों ने अपने कब्जे में कर रखा है। कॉलोनी की सफाई के बजाय यह कर्मचारी अधिकारियों के बंगलो में सेवा देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब अफसर ही उनकी सेवा अवैध रूप से ले रहे हैं तो उन्हें आखिर कौन बोल सकता है? सूत्रों की मानें एसईसीएल सोहागपुर कोयलांचल के अधिकांश अधिकारियों के बंगले में कालरी के 2-3 मैन पावर कार्यरत देखे जाते हैं अधिकारियों के बंगले में साफ सफाई अन्य किसी तरह की परेशानी नहीं हो सकती है, कालरी में भले मेन पावर की कमी हो जाए लेकिन बंगले में मेन पावर की कमी न हो।

### एक भी कालोनी परफेक्ट नहीं

एसईसीएल द्वारा अपने कर्मचारियों के निवास के लिए बनाई गई श्रमिक कॉलोनी और उसकी व्यवस्थाओं के संबंध में जो गाइडलाइन बनाई गई है उस पर यदि गौर किया जाए तो गाइडलाइन के हिसाब से सोहागपुर कोयलांचल की एक भी श्रमिक कॉलोनी परफेक्ट नहीं मिलेगी। ऐसी कोई कॉलोनी नहीं है जहां समस्याएं रह वासियों का जीना दुश्वार न कर रही हों। आज भी सैकड़ों श्रमिक परिवार नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और इन आवासों की मरम्मत सुरक्षा और स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाले सिविल विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की तोंद लगातार मोटी होती जा रही है।

### ठेकेदार फैला रहे गंदगी

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के विभिन्न श्रमिक कालोनियों यथा बंगवार कॉलोनी, रूगंटा कॉलोनी ,राजेंद्रा कॉलोनी, अर्झुला कॉलोनी, रीजनल कॉलोनी, की सफाई व्यवस्था पर कागजों में प्रति माह लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं फिर भी सफाई मे लगातार अनदेखी हो रही है। श्रमिक कालोनियो मे इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। जिसका खामियाजा श्रमिकों को भुगतना पड़ रहा है। साफ-सफाई नहीं होने से नगर के विभिन्न मोहल्लों में हर तरफ गंदगी फैली हुई है। लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था के लिए एसईसीएल को विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। यह कचरा कही और से नही आता है बल्कि श्रमिक कालोनियो मे ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराये जाने के बाद कचरा वही छोड जाते है और हफ्तों-महिनो बाद कुछ कचरा उठ्वाया जाता है और बांकी वही पडा रहता है जिसका खमियाजा श्रमिको को खुद या फिर लेबर लगाकर उठवाना पडता है।

### हर कहीं दुर्दशा

श्रमिक कॉलोनियों में सड़क व नाली निर्माण बरसों से नहीं कराया गया है। रोड पूरी तरह से उखड़ चुकी है, नाली का नामोनिशान नहीं दिख रहा है पूरी तरीके से पट गया है। श्रमिक क्वार्टर की छतों से पानी का रिसाव होता है, बिजली फिटिंग अव्यवस्थित, सेफ्टी टैंक टूटे-फूटे, खुले चेंबर गंदा पानी सड़कों पर बहता है। साफ सफाई देखने वाला कोई नहीं है जिसके कारण श्रमिक गंदगी के बीच रहने के लिए मजबूर हैं।

### कल्याण बोर्ड का दिखावा

कंपनी कल्याण बोर्ड सदस्य एवं सोहागपुर कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पूरे सोहागपुर एरिया में सभी कॉलोनी में निरीक्षण किया और कल्याण बोर्ड ने पाया कि कॉलोनी में समुचित साफ-सफाई नहीं हो रही है सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट है कंपनी कल्याण बोर्ड जांच पड़ताल के बाद भी कोई कार्यवाही होता दिखाई नहीं दे रहा है। निरीक्षण एक औपचारिकता माना जा रहा है।

### निरंकुश हैं सिविल विभाग के अधिकारी

सोहागपुर एरिया सिविल विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की अकर्मण्यता कहें या उनकी निरंकुशता, खामियाजा श्रमवीरों को ही भुगतना पड़ता है। आलम यह है कि कंपनी द्वारा लाखों रुपये का बजट दिये जाने के बाद भी अधिकारी श्रमिक कालोनियों को व्यवस्थित रखने और समस्याओं के निराकरण पर ध्यान नहीं देते हैं। सिर्फ कमीशन के रूप में मोटी कमाई को प्राथमिकता देने वाले सिविल विभाग के अधिकारियों ने जीतोड़ मेहनत कर अपना खून जलाने वाले श्रमवीरों का सुकून छीन लिया है। सिविल विभाग इंजीनियर ,ओवरसियर कॉलोनी की साफ सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं देते। कॉलोनी में सफाई व्यवस्था ना होने से गाजर घास लहलहा रही है साफ सफाई ना होने से तरह-तरह की जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना हुआ है, मच्छरों का प्रकोप और बीमारी से लोग परेशान हैं।

### कुछ तो करे प्रबंधन

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के विभिन्न श्रम संगठनों के पदाधिकारियों के साथ ही तमाम कालोनियों में निवासरत श्रमवीरों और उनके परिजनों ने एरिया महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ठ कराते हुए सिविल विभाग के नकारा साबित हो रहे अधिकारियों कर्मचारियों कींनकेल कस कर श्रमवीरों को बुनियादी सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण दिलाए जाने की मांग की है ताकि वह भी सुकून के साथ जी सकें।

# स्वर्गीय भैया लाल शुक्ला स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

## आठवें सत्र में पांच विकेट से पत्रकारों ने जीत की हासिल



रीवा !

वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय भैया लाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें सत्र में आज अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में दो मैच खेले गये जहां पर पहला मैत्री मैच पत्रकार इलेवन बनाम शिक्षक इलेवन के बीच खेला गया जहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शिक्षक इलेवन निर्धारित 10 ओवर में अमित सिंह के शानदार बल्लेबाज़ी के कारण 96 रन बना सकी लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार इलेवन 1 गेंद शेष रहते 4 विकेटों से मैच जीत गई।मैच में पत्रकार इलेवन के कप्तान सोनू तिवारी के द्वारा बेहतरीन गेदबाज़ी की गई और युवराज विवेक और राहुल के द्वारा बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर अपनी टीम पत्रकार इलेवन को जीत दिला दी । मैन ऑफ़ द मैच अमित सिंह रहे।संजीव बेटा पाठक द्वारा अमित सिंह को 500 रुपए का नगद पुरुष्कार दिया गया, मैच में वरिष्ठ पत्रकार राजनारायण मिश्रा,, अजय सिंह अंचल शुक्ला उमेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। दूसरा मैच थलाइवा 11 बनाम बाघवार 11 के बीच खेला गया जहां टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए थलाइवा इलेवन अरविंद (मैन ऑफ द मैच) के घातक गेंदबाज़ी 3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट के कारण 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जहां लक्ष्य का पीछा करते हुए महेश यादव के 26 गेंदों में 34 रनों के कारण 9.1 ओवर में 9 विकेटों से विजयी हुई, आज के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर शिवेंद्र सिंह, कल भी दो मैच खेले जाएँगे। राष्ट्रीय एकता मंच समिति के संयोजक एव आयोजक अखिलेश शुक्ला, सतीश सिंह पूर्व पार्षद वार्ड 9, संजीव सिंह रिंकु, अरुण मिश्रा, चंदूलाल खुशलानी चंदू, प्रशांत चतुर्वेदी, अतुल मिश्रा,अखिलेश सिंह गुड्डु, भोगराज पांडेय, संजीव पाठक बेटा, पंकज द्विवेदी, सुतीक्षण समदारिया कमांडो, रविशंकर चतुर्वेदी, कुलदीप पांडेय सहवाग़, सतीश पांडेय, आकाश मिश्रा, स्वादीप पांडेय पंडित, श्री कृष्ण मिश्रा, मीडिया प्रभारी संदीप कुमार तिवारी, रविशंकर चतुर्वेदी, आर्किटेक्ट रवि शुक्ला, कृष्णा मिश्रा, राहुल भारती, आशीष पांडेय, नीरज द्विवेदी, दर्शित शुक्ला, कमेटी एव राष्ट्रीय एकता मंच के सभी सहयोगी गण खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक बाजार के दिनों में

## असामाजिक तत्वों पर अंकुश कब लगेगी



धनपुरी।

दुर्गा मडिया अच्छी मोहल्ला पुराना थाना के आसपास सामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है जहां असामाजिक तत्वों के द्वारा वहां पर गांजा कोरेक्स शराब पीकर राहजनों को गाली गलौज कर परेशान किया जाता है। वही साप्ताहिक बाजार के दिनो में रविवार, गुरुवार को बाजार करने दूरदराज से आए भोले भाले गरीब अनपढ़ ग्रामीणजनो सब्जी बेचने का काम करते हैं उन्हें भी परेशान किया जा रहा है कहीं उनकी साइकिल पंचर कर दिया जाता है तो कहीं उनकी साइकिल चुराकर ले जाते हैं इस प्रकार की कर्य प्रणाली से ग्रामीण व्यापारी वर्ग काफी ज्यादा परेशान दहशत में रहता है। बाजार के दिनो अगर पुलिस ग्रस्त करें तो इससे मुक्ति मिल सकती है साथ ही विद्यालय के समय भी सामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं उस पर अंकुश लगाया जा सके।

# रीवा की महिमा ने दिखाया हौसला

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर जाहिर की पढ़ने की इच्छा



### पढ़ाई के लिये एनजीओ से दिलाई गई मदद, बच्ची को दिलाया जाएगा सीपीसीटी में प्रवेश

रीवा

समाज में कई ऐसे बच्चे है जो पढ़ना तो चाहते है लेकिन उन्हें या तो मौका नहीं मिल पाता या फिर वह अपनी इच्छा को जाहिर नही कर पाते। लेकिन रीवा में आज एक बच्ची नें पढ़ाई के लिये ऐसा हौसला दिखाया कि उसकी तारीफ करने के साथ साथ आगे की पढ़ाई के लिये मदद का आश्वासन मिला है। महिमा सतनामी नाम की एक बच्ची नें कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से आंगे की पढ़ाई की इच्छा जाहिर करते हुये प्रशासन से मदद मांगी। बच्ची के इस हौसले को देखते हुये बच्ची को एनजीओ की मदद से उसकी पढ़ाई के साथ-साथ सुरक्षित रहने और खाने पीने की भी व्यवस्था कराई है। महिमा सतनामी जिले के गोविंदगढ थाना क्षेत्र अमिलकी गांव की रहने वाली है। महिमा नें हाईस्कूल व हायर सेकड्री के साथ बीएससी व बीएड की पढ़ाई की है लेकिन उसकी इच्छा आगे और पढ़ाई करने की है और शिक्षक बनना उसका उद्देश्य है। महिमा सीपीसीटी में दाखिला चाहती थी लेकिन उसकी एवं उसके परिवार की माली हालत उसके आगे की पढ़ाई में बांधा बन रही थी, ऐसे में महिमा नें हौसला दिखाते हुये कलेक्टर कार्यालय पहुंची और कलेक्टर से आगे की पढ़ाई के लिये इच्छा जाहिर की जिसके बाद कलेक्टर नें एडीएम को बच्ची की मदद के लिये निर्देशित किया। बच्ची की वह इच्छा पूरी की गई जिसकी उसने कलेक्टर से जाहिर की थी। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे एवं एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की मदद से महिमा के रहने खाने पीने के साथ साथ उसके आंगे की पढ़ाई की व्यवस्था कराते हुये सीपीसीटी में प्रवेश दिलाने का आश्वासन दिया और उसे आने जाने के लिये साइकल भी उपलब्ध कराई गई। एडीएम शैलेन्द्र सिंह नें कहा कि महिमा नें जिस तरह से पढ़ाई के लिये हौसला दिखाया है वह काबिले तारीफ है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

# जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित हो रहे हैं पात्र हितग्राही

रीवा !

विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में आयोजित की जा रही है। जिले में 21 दिसम्बर को गंगेव विकासखण्ड के पहरखा में संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग तीन सौ व्यक्ति शामिल हुए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में 195 व्यक्तियों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। इसमें 33 हितग्राहियों ने अपनी भागीदारी निभाई। जिले में 21 दिसम्बर को ही जवा विकासखण्ड के हरदौली, गहिलवार, रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में इटौरा, सौनौरा, जोगिनहाई तथा महसुआ, विकासखण्ड रीवा में बरा एवं रूपौली, विकासखण्ड सिरमौर में कुम्हरा, जुड़वानी, देवगांव कला, जामू तथा पाली एवं त्योंथर विकासखण्ड में पटहट कला में संकल्प यात्रा के शिविर आयोजित किए गए। संकल्प यात्रा के दौरान



स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर लगाकर हरदोली में 301, इटौरा में 120, जोगिनहाई में 126, बरा में 418, रूपौली में 414, कुम्हरा में 115, जामू में 216 तथा पटहट कला में 106 लोगों को लाभान्वित किया गया। इन शिविरों में अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके सक्सेना के नेतृत्व में विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा शिविर लगाकर हितग्राहियों के अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना तथा अन्य योजनाओं के के आवेदन पत्र भरवाए गए। हितग्राहियों के बैंक खातों में आधार सीडिंग भी की गई। संकल्प यात्रा में चल रहे प्रचार वाहन में ऑडियो-विजुअल माध्यम से सड़कों के विकास, स्वसहायता समूह गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रोचक जानकारी किसानों को दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई। जिले में 21 दिसम्बर को नगर परिषद मनगवां तथा नगर परिषद बैकुण्ठपुर में संकल्प यात्रा के शिविर लगाए गए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

## खबर संक्षेप



### अनूपपुर की फिल्म हुई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सम्मानित

**अनूपपुर।** अनूपपुर के कलाकारों द्वारा अभिनीत तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित फिल्म भयंकर भूल 9वें अंतर राष्ट्रीय फिल्म समारोह खजुराहो में प्रदर्शित व सम्मानित हुई। ज्ञात हो कि खजुराहो में आयोजित 9वें अंतर राष्ट्रीय फिल्म समारोह में देश भर से आई 50 से ज्यादा फिल्मों का प्रदर्शन किया गया था इसमें लघु फिल्म कैटेगरी में सामाजिक संदेश देने के लिए निर्माता बीजू थामस द्वारा निर्देशित फिल्म भयंकर भूल को सराहा गया। इस फिल्म मे लेखक ललित दुबे ने भी अभिनय भी किया है जिनके अभिनय की भी सराहना हुई। निर्देशक व प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला द्वारा सम्मानित किया गया है। उक्त फिल्म अनूपपुर में ही बनाई गई है और इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों द्वारा ही अभिनय किया गया है सभी कलाकार नवोदित हैं और पहली बार किसी फिल्म में अभिनय किया है। ज्ञात हो कि खजुराहो में प्रति वर्ष अंतर राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमे देश भर के प्रसिद्ध कलाकारों को सम्मानित किया जाता है। यह आयोजन 17 से 22 दिसंबर तक आयोजित हुआ जिसमे निर्माता बोनी कपूर और अभिनेत्री जया प्रदा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

### संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय स्थित संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के बीते शाम बीएमएलटी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे अनूपपुर जिले के संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज के बीएमएलटी विषय के विद्यार्थियों का 93% परीक्षा परिणाम रहा। मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय संकल्प पैरामेडिकल कॉलेज का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। अच्छे परिणाम हासिल कर विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय को गौरान्वित किया गया। महाविद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किये जिसमे छत्तीसगढ़ के चांपा जिले के अध्ययरत छात्र त्रियोगी द्वारा प्रथम स्थान हासिल किया गया, पेंड्रा जिले के लालपुर गांव की अध्ययरत छात्रा हेमंत राठौर द्वारा द्वितीय एवं चांपा जिले की अध्ययनरत छात्रा काजल बंजारा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त कर अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय संचालक अंकित शुक्ला सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### आज सुशासन दिवस पर दिलायी जाएगी शपथ


**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन, समान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा निर्णय लिया गया है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसम्बर 2023 रविवार एवं 23 दिसम्बर 2023 शनिवार को शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 22 दिसम्बर 2023 को सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए शपथ दिलायी जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने बताया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय अनूपपुर के प्रांगण में सुशासन दिवस पर शपथ दिलायी जाएगी। उन्होने संयुक्त जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है ।

# लिखित आवेदन के 12 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं

## मामला निगवानी उपार्जन केंद्र में बिना पंजीयन के 66 बोरी धान लोड करने का

**समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी व वाहन मालिक के विरुद्ध दर्ज होना था एफआईआर**

कोयलांचल क्षेत्र के थाने में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को ही प्रकरण दर्ज करने में पसीना छूट रहा है। बीते 6 दिसंबर को उपार्जन केदो का निरीक्षण करने के लिए अपर कलेक्टर सीपी पटेल एवं सी ई ओ जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा निगवानी ग्राम पहुंचे थे।










अनूपपुर/कोतमा।

जहां उपार्जन केंद्र में 66 बोरी धान को बिना पंजीयन के ही लोड किया जा रहा था जिस पर धान एवं कृषक के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आने पर पिकअप वाहन को जप्त करते हुए कोतमा थाने भेजा गया। खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी के द्वारा आवेदन भी भेजा गया जिसमें समिति प्रबंधक नागेंद्र जायसवाल खरीदी, प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं वाहन चालक राजा नामक व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने तथा कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा गया था परंतु 12 दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में अब तक प्रकरण दर्ज नहीं हो पाया है।

1 दिसंबर से जिले में धान उपार्जन का कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ही पकड़े गए मामले में अपराध पंजीबद्ध नहीं हो पाया है। पूर्व के वर्ष में भी उपार्जन केंद्रो में छत्तीसगढ़ सहित व्यापारियों की पुरानी धान भी पहुंचती रही है। कालाबाजारियों पर कार्यवाही नहीं होने के कारण खरीदी प्रभारी की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

#### यह था मामला

जिले में एक दिसम्बर से खरीफ वर्ष 2023-24 के तहत किए जा रहे धान उपार्जन का धान उपार्जन केन्द्र पयारी, निगवानी, बिजुरी, कोतमा के उपार्जन केन्द्रों का 6 दिसंबर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तथा अपर कलेक्टर सीपी पटेल ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया था तब निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार सहित अन्य संबंधित अमला मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिपं. सीईओ और अपर कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र निगवानी में तौल बांट, तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था नही मिलने पर नाराजगी जताई थी। निरीक्षण के दौरान बिना पंजीयन के उपार्जन केन्द्र निगवानी में एक पिकअप में 66 बोरी धान का अनलोड किया जाना पाया गया। पूछताछ में इसकी जानकारी नही मिलने पर धान की 66 बोरियों की जप्ती की कार्यवाही की गई व पिकअप को थाना कोतमा में जप्त कर खड़ा कराया गया था। तब बताया गया था कि समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी व वाहन मालिक के विरुद्ध पुलिस थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जा रही है जिला प्रशासन द्वारा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी संस्थित की जा रही है भविष्य में भी इस तरह के प्रकरण होने पर कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया गया है, परंतु 23 दिन बीत जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नही किया है।

#### किया गया निलंबित

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति निगवानी के प्रभारी प्रबंधक नागेंद्र जायसवाल एवं धान खरीदी प्रभारी सुरेंद्र शर्मा को विभाग के द्वारा निलंबित भी कर दिया गया है। साथ ही 8 दिसंबर को कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी के द्वारा कोतमा थाने में मामला दर्ज करने के लिए लिखित में पत्र भी दिया गया है लेकिन कोतमा पुलिस की मनमानी के कारण 12 दिन बीतने को है अभी तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। जब यह हाल विभाग का है तो आम आदमी की स्थिति क्या होगी यह इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### इनका कहना है

हमारे द्वारा 8 दिसंबर को कोतमा थाने में मामला दर्ज करने के लिए लिखित में आवेदन दिया गया है मामले की जानकारी आप थाने से ले सकते हैं।

**सीमा सिन्हा**
**कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी कोतमा**

## हिन्दुस्तान पावर के सीएसआर विभाग द्वारा किया गया निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन



अनूपपुर।

बेहतर स्वास्थ्य को समर्पित हिन्दुस्तान पॉवर के सीएसआर विभाग द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कंपनी के प्रभावित ग्रामों में निःशुल्क नेत्र जॉच एवं चश्मा वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्राम-अमगवां से 206 मरीजों ने एवं ग्राम-लहरपुर मुरार्टोला से 164 मरीजों ने अपने नेत्रों की जॉच कराकर लाभ प्राप्त किया, इन मरीजों में से 51 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण कराया गया और शेष जरूरतमंदों को शीघ्र ही वितरण हेतु विभाग द्वारा आश्वस्त किया। कार्यक्रम का समन्वय सीएसआर विभाग के प्रमुख सत्यम सलील एवं उनके विभाग के सुभाषीष चक्रवर्ती द्वारा किया गया एवं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभागीय टीम द्वारा सभी ग्रामों में पूर्व से प्रचार-प्रसार कराया गया, फलस्वरूप अधिक से अधिक लाभार्थियों ने इस शिविर का लाभ प्राप्त किया। कंपनी के सीओओ एवं प्लाण्ट हेड बीके मिश्रा ने चश्मा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ की शुभकामनाएं दी। साथ ही वितरण के दौरान कंपनी के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख आरके खटाना ने ग्रामीणों को नियमित रूप से नेत्रों की सुरक्षा रखने हेतु समझाइश दी। वितरण में ग्रामीणों ने इस आयोजन के लिए हिन्दुस्तान पॉवर का धन्यवाद दिया।

## 855 किलो मीटर की पैदल दूरी तय कर श्री राम जानकी वन गमन पदयात्रा पहुंची अमरकंटक



**अनूपपुर।** 27 नवंबर को उत्तर प्रदेश के भगवान राम की नगरी अयोध्या से प्रारंभ हुई श्री राम जानकी वन गमन पद यात्रा अमरकंटक पहुंची। पद यात्रा करने वाली वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने यहां पहुंच कर माँ नर्मदा के उद्गम स्थल के दर्शन कर पूजन किया। अयोध्या से अमरकण्टक की दूरी वैसे 566 किलो मीटर है पर राम जानकी पद के दर्शन करने के कारण मार्ग अधिक हो गया। शिप्रा इससे पहले माँ नर्मदा की भी पैदल परिक्रमा कर चुकी है। शिप्रा आज संध्या माँ नर्मदा आरती में भाग लेकर जबलपुर,रामटेक होते हुए हम्पी होकर रामेश्वरम की ओर आगे बढ़ेंगी। एक दिन में शिप्रा पाठक 30 से 40 किमी की पद यात्रा आश्रय के अनुकूल देखते हुए करती है। रुकने खाने की पूछने पर उन्होंने बताया राम जानकी भक्त और भगवान राम जानकी सारे दुर्गम रास्तों को सुगम बना रहे हैं। नर्मदा भक्त शिप्रा ने आज की पूजा अर्चना कर अपनी सकुशल पद यात्रा की कामना की। बता दें कि शिप्रा अपनी इस 4000 किमी की पद यात्रा के माध्यम से भगवान श्री राम जानकी के असध्यात्म के साथ साथ जल संरक्षण की भी अलख जगाती चल रहीं हैं। उन्होंने उद्गम स्थल पर उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें भगवान राम के समयकाल जैसे वनों को हरा भरा करने की जरूरत है। पर्यावरण असंतुलित होने से आए दिन नई नई महामारी का हम लोग सामना नही कर पा रहे।उन्होंने जानकी माता का उदाहरण देते हुए कहा कि नारी शक्ति को जानकी माता के आचरण को आत्मसात करना चाहिए। ज्ञात हो कि जहां एक ओर अयोध्या में देश विदेश से राम मंदिर के शुभारंभ को लोग देखने आ रहे हैं वहीं शिप्रा की राम जानकी वन गमन पद यात्रा को भी चर्चा सोशल मीडिया पर जोरों से चल रही है। भव्य राम मंदिर का निर्माण पूरा होने को है ऐसे में शिप्रा की पद यात्रा को भी लोग रामायण युग के आगमन की तरह से देख रहे हैं।

## पगना में हाथी ने घरों में मचाया उत्पात



### घर से भाग कर परिजनों ने बचाई जान

**अनूपपुर।** बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात्रि एक हाथी द्वारा वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पगना के कचराटोला में पूरी रात दो घरों में उत्पात मचाते हुए एक घर का दरवाजा तोड़ दूसरे घर का के परछी में रखें धान, गेहूं सहित अनाज को खा लिया तथा घर में रखे खाट एवं अन्य उपयोगी सामानों को तोड़-फोड़ फैला दिया। अचानक हाथी के आने की आहट सुनकर गृहणी घर से भाग कर तथा दूसरे घर के ग्रामीण छोटे बच्चों के साथ भाग कर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों को यह अंदेशा भी नहीं था कि अचानक हाथी उनके जंगल के किनारे स्थित घर पर अचानक आ धमकेगा। ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने पिछले माह अगस्त-सितंबर में भी पांच हाथियों के समूह द्वारा इस मोहल्ले में किए गए नुकसान का अब तक मुआवजा न मिलने पर वन विभाग एवं ग्रामीण जनपतिनिधियो को खरी खोटी सुनायी वही एक अकेला हाथी पूरी रात वन विभाग एवं ग्रामीणों के साथ लुका-छिपी का खेल खेलते हुए गुरुवार की सुबह दुधमनिया बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 355 के जंगल में जाकर बरमसीया की झाड़ियो में छिपकर आराम कर रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक नर हाथी बुधवार की शाम बांका के जंगल से निकल कर रात 7 बजे के लगभग पगना गांव की कछराटोला में जंगल के किनारे तथा गांव के बाहर अपने खेतों में विगत कई वर्षों से घर बनाकर रह रहे उदय सिंह पिता रामलाल सिंह गोंड के घर में अचानक आ गया। घर के बाहर आग ताप रही गृहणी छत्रवती सिंह अचानक आंगन में आए हाथी को देखकर अपनी जान बचाते हुए भाग कर पड़ोसी के घर जाकर पति एवं पड़ोसियों को जानकारी दी। इस दौरान हाथियों को भागने के लिए जाने पर हाथी द्वारा ग्रामीणों को दौड़ाया। पूरी रात हाथी एक बार उदय सिंह के परछी में खाद्य सामग्री को अपना आहार बनाते हुये कुछ देर बाद पड़ोस में बेटेलाल सिंह पिता सेमलु सिंह के प्रधानमंत्री आवास में पहुंचकर दरवाजे को तोड़ते हुए कमरे के अंदर रखे धान को खाता हुआ। आंगन में रखे गए धान के पैरा को हटा कर आराम करता रहा जो कुछ देर आराम करने बाद फिर से घर के अंदर रखे धान को खाता हुआ उदय सिंह के परछी में पहुंचकर अनाज को खाया। पूरी रात एक हाथी द्वारा मचाए गए उत्पात से दोनों परिजन परेशान रहे जबकि आसपास के और तीन-चार घरों के निवासी घर छोड़कर दूसरे स्थान पर चले गए। सुबह होने पर यह हाथी पगना गांव के कक्ष क्रमांक आरएफ 355 के जंगल में जाकर बरमसिया की झाड़ियां में छिपकर आराम कर रहा है। गुरुवार की सुबह वन विभाग का मैदानी अमला एवं ग्राम पंचायत पगना के जनप्रतिनिधि स्थल पर पहुंचे तो मोहल्ला वासियों ने पिछले माह अगस्त, सितंबर में आए पांच हाथियों द्वारा किए गए घरों, फसलो के नुकसान का अब तक मुआवजा न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

## शासकीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं-नेहा वर्मा

### की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा



अनूपपुर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रभारी अधिकारी श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासकीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगो तक पहुंचाया जाए। उन्होने कहा कि जरूरतमंद लोगों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और लोगों के जीवन में खुशहाली आना चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए अनूपपुर जिले हेतु नियुक्त भारत सरकार के स्टील मंत्रालय की संचालक श्रीमती नेहा वर्मा कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और कारगर बनाया जाए। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी डॉ. उमेश द्विवेदी ने बताया कि अनूपपुर जिले में चार विकासखण्ड है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन हेतु चारो विकासखण्डों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है तथा सभी समितियों का गठन कर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को अनूपपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हो चुका है। उन्होने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की सतत मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वसहायता समूह को लगभग 80 लाख रुपए का सी.सी.एफ. वितरित किया गया। उन्होने बताया कि इस दौरान 1583 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविरो में मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है तथा उन्हे दवाईयां भी वितरित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में किसानो को आधुनिक कृषि और उन्नत कृषि के गुर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सिखाया जा रहा है। वहीं ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा श्रीमती नेहा वर्मा ने बैठक में वन अधिकार पत्रों के वितरण, आयुष्मान कार्ड वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, उज्जवला योजना, मातृ वंदना योजना की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी सहित विभिन्न विभागो के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति पर मजाक उड़ाने पर भाजपा ने टीएमसी सांसद का फूंका पुतला

### राजनीति में विचारधारा अलग परंतु आचरण हो मर्यादित- भाजपा जिलाध्यक्ष



**अनूपपुर।** संसद भवन में उपराष्ट्रपति का मजाक बनाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने गुरूवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला जलाया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि प्रजातंत्र की रक्षा और संविधानिक पदों पर बैठे लोगों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए भाजपा सड़क हैं। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ अनूपपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी के नेतृव में भाजपा कार्यालय के सामने तृणमूल कांग्रेस के सांसद नेता के खिलाफ नारेबाजी और पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश से उपराष्ट्रपति के अपमान के लिए माफी मांगे। जिलाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि राजनीति में विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन आचरण मर्यादित होना चाहिए। टीएमसी के सांसद ने संविधानिक पद पर बैठे उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की। उसकी निंदा करने की जगह राहुल गांधी ने वीडियो बनाया। यह कांग्रेस का गंदा चरित्र है कि वह संविधानिक पद पर बैठे लोगों का अपमान करती है। संविधान की धज्जियां उड़ाती है। इसके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए और संविधानिक पद पर बैठे लोगों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए पुतला दहन किया है। भाजपा प्रजातंत्र की हत्या नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आज प्रजातंत्र की रक्षा के लिए लिए भाजपा आज सड़क पर है। बता दें प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता ने कल्याण बनर्जी के मुदार्बाद के नारे भी लगा रहे थे। ज्ञात हो कि शीतकालीन सत्र में सस्पेंड किए विपक्षी दल के सांसद संसद में धरना दे रहे थे। तभी तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करनी शुरू कर दी। इस पर पास बैठे सांसदों ने ठहाके लगाने शुरू कर दिए। इसका वीडियो भी बनाया गया। एक वीडियो में कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी का मिमिक्री करते वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा रहे हैं।